भामाशाह टेक्नो हब से नए उद्यमियों को मिलेगा प्रोत्साहन : वसुंधरा राजे

जयपुर, (कासं)। मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे ने कहा प्रदेश में विभिन्न सेवाओं में डिजिटलाइजेशन को बढ़ावा देकर ऐसा वातावरण तैयार किया गया है, जिसमें नए उद्यमियों को आगे बढ़ने और प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिलने के बेहतरीन अवसर उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि हम युवाओं को तकनीक के उभरते क्षेत्रों में सशक्त बनाकर नए राजस्थान का निर्माण कर रहे हैं।

राजे गुरूवार को झालाना औद्योगिक क्षेत्र में भामाशाह टेक्नो हब के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि यह देश का सबसे बड़ा एवं आधुनिक टेक्नोलॉजी से सुसज्जित सेंटर है, जहां लगभग 700 उद्यमी एक साथ बैठकर अपने व्यापार को आगे बढ़ाने का काम कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि यहां उद्यिमयों को स्टार्टअप को नई संभावनाओं की राह दिखाई जाएगी और तकनीकी सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने एक वर्ष पहले युवाओं और उद्यिमयों को प्रदेश में सेवाओं के डिजिटल समाधान सहित विभिन्न उद्यमों की स्थापना के लिए आई-स्टार्ट के रूप में एक सुविधा प्रदान की थी, जहां अब तक एक हजार से अधिक स्टार्टअप पंजीकृत हो चुके हैं। हमने स्टार्टअप को सुविधाएं देने के लिए सिस्को नेटवर्किंग अकेडमी, आईबीएम आईएक्स अकेडमी, एचपी अकेडमी, इन्फोसिस कैम्पस कनेक्ट और ओरेकल वर्कफोर्स जैसी कई ग्लोबल कम्पनियों के साथ पार्टनरशिप की है। राजे ने कहा कि आने वाला कल टेक्नोलॉजी का होगा।

मुख्यमंत्री ने भामाशाह टेक्नो हब का उद्घाटन के बाद उसकी कार्यप्रणाली का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर राजे ने झुन्झुनूं, दौसा, श्रीगंगानगर, बाड़मेर, भीलवाड़ा और करौली में स्थापित अभय कमाण्ड सेन्टर तथा राजस्थान ऑनलाइन पेमेंट एप्लीकेशन 'भामाशाह वॉलेट' का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री सलाहकार परिषद के सदस्य और मनिपाल ग्लोबल एजुकेशन के चेयरमैन मोहनदास पई ने टेक्नोलॉजी क्षेत्र मे राजस्थान के नवाचारों को लेकर मुख्यमंत्री की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि राजे डाइनेमिक और विजनरी लीडर है। इसी का परिणाम है कि राजस्थान डिजिटल क्षेत्र में देश-दुनिया में अपनी पहचान बना रहा है।

मुख्य सचिव डी.बी. गुप्ता ने ई-गवर्नेंस, डिजिटल और स्टार्टअप क्षेत्र में राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में बताया। इस अवसर पर महापौर अशोक लाहोटी, विधायक मोहनलाल गुप्ता, आईटी विभाग के प्रमुख शासन सचिव अखिल अरोरा के अलावा बड़ी संख्या में स्टार्टअप और टेक्नोलॉजी क्षेत्र से जुड़े हुए लोग मौजूद रहे।

■ छह जिलों के अभय कमांड सेन्टर और 'भामाशाह वॉलेट' का भी उद्घाटन किया

मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने गुरूवार को झालाना औद्योगिक क्षेत्र में भामाशाह टेक्नो हब का उद्घाटन करने के बाद वहां लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। फोटो-राष्ट्रदूत